उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय लखनऊ

पत्रांक- 14965 /स्थापना/17-18 दिनांक - 17-07-17

श्री अजय कुमार सिंह
विशेष सचिव,
माननीय मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।

मा0 मुख्य मंत्री सन्दर्भ
सन्दर्भ संख्या–18177170081611

विषय – सहकारी निर्वाचक नामावली से मृतक सदस्यों का नाम पृथक कराये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया जनसुनवाई पोर्टल के अन्तर्गत प्राप्त मा0 मुख्यमंत्री सन्दर्भ संख्या–18177170081611 दिनांक 26.05.17 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री परमानन्द शुक्ल निवासी मऊ घनश्यामपुर पोस्ट कोटडीह तहसील मिल्कीपुर जनपद फैजाबाद ने उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, की पूरे प्रदेश की संस्था से मृतकों का परीक्षण कराकर निर्वाचक नामावली पुर्नरिक्षित कराने की अपेक्षा की गई है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सन्दर्भित प्रकरण उ0प्र0सहकारी निर्वाचन आयोग लखनऊ से सम्बन्धित है जिस पर उसी स्तर से आवश्यक दिशा निर्देश प्रसारित किये जाते हैं।

अतः बैंक स्तर से कोई कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं है।

कृपया वस्तुस्थिति से अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

17.07.17

(आर0बी0 गुप्ता),
मुख्य महाप्रबन्धक (प्रशासन)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1 :: अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक (बैंकिंग), सहकारिता उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2 :: समस्त शाखा प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, को इस निर्देश के साथ मृतक ऋणी सदस्यों को चिन्हित करते हुए अभिलेखों में दर्ज करना सुनिश्चित करें।
3 :: श्री परमानन्द शुक्ल निवासी मऊ घनश्यामपुर पोस्ट कोटडीह तहसील मिल्कीपुर जनपद फैजाबाद।
4 :: प्रबन्धक श्रेणी-3, (मुख्य मंत्री सन्दर्भ), प्रधान कार्यालय लखनऊ को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु।

17.07.17

O/C

मुख्य महाप्रबन्धक (प्रशासन)